Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005
Participants : Chavan Shri Harischandra Devram

>

Title: Need to direct Hindustan Petroleum Company Limited to provide employment to the people whose land have been acquired for setting up plant in Nasik Parliamentary Constituency, Maharashtra. – Laid.

श्री हरिश्चंद्र चव्हाण (मालेगाँव) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नाशिक के अंतर्गत नांदगॉव तहसील में पानेवाडी प्रकल्प में भारत पेट्रोलियम का.लि. और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम का.लि. के प्लांट जब स्थापित किये गये थे तो जिन किसानों की भूमि इन प्लांटों के बनाने के लिए अधिग्रहीत की गयी थी, उनको कम्पनी वालों ने प्लांटों में नियुक्त किये जाने का आश्वासन दिया था। प्लांट बनने के बाद भारत पैट्रोलियम का.लि. ने तो अपने आश वासन के अनुसार जिन किसानों की भूमि प्लांट के लिए अधिग्रहीत की थी, उन किसानों के परिवार वालों को नौकरी दी लेकिन हिन्दुस्तान पैट्रोलियम का.लि. ने अपने आश्वासन को अभी तक पूरा नहीं किया है। भूमि के मालिक वहां पर काफी समय से अनशन पर बैठे हैं, उनमें भारी रोा व्याप्त है।

अतः मैं आपके माध्यम से पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उक्त हिन्दुस्तान पैट्रोलियम का0लि0 जो प्लांट स्थित है, उसमें उन किसानों के परिवार वालों को नियुक्त किये जाने हेतु आदेश पारित करने का कट करें, जिनकी भूमि उक्त प्लांट हेतु अधिग्रहीत की गयी है और कम्पनी ने उन्हें आश्वासन भी दिया था।